**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**16.05.2026 / प्रादेशिक समाचार**

**सीमा / 09:20बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- प्रदेश के 51 शहरी निकायों के चुनावों के लिए कल होगा मतदान–कुल एक हजार 147 उम्मीदवार चुनाव मैदान में।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश सरकार ने पूरी की अपनी सभी चुनावी गारंटियां–चुनावों में कांग्रेस की जीत का किया दावा।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते चुनावों में सबक सिखाने को जनता तैयार।
- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने युवा पीढ़ी से देश की पवित्र वैदिक संस्कृति से जुड़ने का किया आहवान।

और

- लाहौल स्पीति जिला के लोगों को अब बर्फबारी, भूस्खलन और सड़क बंद होने की स्थिति में ड्रोन से मिलेंगी दवाइयां और जरूरी राहत सामग्री।

**अब समाचार विस्तार से .......**

**मतदान**

प्रदेश के 51 शहरी निकायों के चुनावों के लिए कल मतदान होगा। सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक वोट डाले जाएंगे। कुल 4 सौ 39 पदों के लिए होने वाले इन चुनावों में एक हजार 147 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। 4 नगर निगम सहित 25 नगर परिषद और 22 नगर पंचायतों में ये मतदान होगा। इन चुनावों में कुल 3 लाख 60 हजार 8 सौ 59 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें एक हजार 808 मतदाता ऐसे हैं जो पहली बार वोट डालेंगे। नगर पंचायत व नगर परिषदों में मतों की गणना कल मतदान के बाद होगी। जबकि नगर निगम चुनाव के लिए पड़ने वाले वोटों की गिनती 31 मई को की जाएगी।

**म,ख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि 5 गुटों में बंटी भाजपा इन चुनावों में जीत के झूठे सपने देख रही है। सोलन में उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा पूरी तरह से आपसी लड़ाई और अंदरूनी खींचतान के दौर से गुजर रही है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश सरकार ने अपनी सभी चुनावी गारंटियां पूरी कर ली हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम सहित शहरी निकायों के चुनाव में कांग्रेस को भरपूर समर्थन मिल रहा है और निश्चित तौर पर इन चुनावों पर कांग्रेस की जीत होगी।

इस बीच मुख्यमंत्री आज दिल्ली रवाना होंगे। वे कल दिल्ली से तिरूवनंतपुरम जाएंगे। उनका 18 मई को केरलम के नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करने का कार्यक्रम है।

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों और झूठी गारंटियों से प्रदेश की जनता का मोह भंग हो चुका है और पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में लोगों ने कांग्रेस को सबक सिखाने का मन बना लिया है। मंडी में चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने प्रदेश की चारों नगर निगमों में भाजपा की जीत का दावा किया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि नगर निगम चुनाव महज स्थानीय चुनाव नहीं बल्कि प्रदेश में कांग्रेस की विदाई की पटकथा लिखने वाले साबित होंगे।

**चुनाव**

प्रदेश में 26, 28 और 30 मई को होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों के लिए प्रत्याशियों को कल चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए। प्रदेश में इस बार तीन चरणों में ये चुनाव करवाए जा रहे हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं में प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग रंग के लगभग 60 लाख मत पत्र छपवाए गए हैं। हर पद के लिए अलग–अलग रंग निर्धारित किया गया है। पंचायत सदस्य के लिए सफेद रंग, उपप्रधान पद के लिए पीला, प्रधान पद के लिए हल्का हरा रंग, पंचायत समिति उम्मीदवार के लिए गुलाबी और जिला परिषद उम्मीदवार के लिए हल्का नीले रंग का मत पत्र निर्धारित किया गया है। पंचायत प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्यों के चुनाव परिणाम मतदान वाले दिन ही घोषित किए जाएंगे जबकि पंचायत समिति और जिला परिषद सदस्यों के वोटों की गिनती 31 मई को होगी।

**विनय कुमार**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि प्रदेश के 4 नगर निगमों सहित नगर निकायों के चुनावों में कांग्रेस जीत का परचम लहराएगी। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि इन चुनावों में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी जीत हासिल कर क्षेत्र के विकास में राज्य सरकार की नीतियों व निर्णयों को जन–जन तक पहुंचाएंगे। उन्होंने लोगों से बढ़–चढ़कर मतदान करने की अपील की है।

**सिकंदर**

राज्यसभा सांसद सिंकदर कुमार ने कहा है कि चुनावी गारंटियों के दम पर सत्ता हासिल करने वाली कांग्रेस सरकार के लिए अब यही गारंटियां मुसीबत साबित हो रही है। शिमला जिला के ठियोग में चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं की सम्मान निधि से लेकर रोजगार के वादों तक सभी गारंटियों का परिणाम धरातल पर शून्य है।

**राज्यपाल**

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने युवा पीढ़ी से देश की पवित्र वैदिक संस्कृति से जुड़ने का आहवान किया है। बैंगलुरू में वेद आगम संस्कृत महापाठशाला में विद्यार्थियों व विद्वानों से संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थान देश की सनातन सांस्कृतिक व आध्यात्मिक परंपरा के जीवंत प्रतीक हैं। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे गुरूकुल हमारी सांस्कृतिक व आध्यात्मिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## नीट परीक्षा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए ने 21 जून को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी 2026 की पुनः परीक्षा कराने की घोषणा की है। सोशल मीडिया पोस्ट में एजेंसी ने उम्मीदवारों और अभिभावकों से केवल एनटीए के आधिकारिक माध्यमों पर ही भरोसा करने का अनुरोध किया है। इस महीने की 3 तारीख को आयोजित हुई नीट परीक्षा पेपर लीक होने के कारण रद्द कर दी गई थी और सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है। एनटीए ने बताया कि उम्मीदवार 21 मई तक अपनी पसंद के अनुसार अपना वर्तमान पता व पहले और दूसरे परीक्षा के शहर का चयन अपडेट कर सकते हैं। परीक्षाएं दोपहर 2 बजे से शाम पांच बजकर 15 मिनट तक आयोजित की जाएंगी।

## ड्रोन

जनजातीय जिला लाहौल स्पीति के लोगों को बर्फबारी, भूस्खलन और सड़क बंद होने की स्थिति में ड्रोन के माध्यम से दवाइयां और जरूरी राहत सामग्री मिल पाएंगी। हमारे लाहौल स्पीति जिला संवाददाता के अनुसार डी डी एम ए ने खोज एवं बचाव कार्यों के लिए अत्याधुनिक रेस्कयू ड्रोन खरीदा है।

**राष्ट्रीय न्यास अधिनियम**

केंद्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय का राष्ट्रीय न्यास अधिनियम एक मजबूत कानूनी व कल्याणकारी निकाय साबित हो रहा है। ऊना जिला में राष्ट्रीय न्यास द्वारा पंजीकृत संगठनों के माध्यम से बौद्विक दिव्यांगता से प्रभावित व्यक्तियों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं।

**अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **दो लाख व्यावसायिक उपभोक्ताओं को झटका, एक रूपए यूनिट महंगी हुई बिजली। दैनिक जागरण** ने लिखा है **हिमाचल में व्यावसायिक उपभोक्ताओं को मिलेगी महंगी बिजली।**

**दिव्य हिमाचल** की एक खबर है **पुलिस कर्मियों पर केस चलाने से पहले लेनी होगी सरकार की मंजूरी।**

**हिमाचल दस्तक** के अनुसार **प्रदेश में शहरी निकायों के लिए चुनावी शोर थमा, अब डोर टू डोर प्रचार शुरू।**

**मौसम से जुड़ी खबर को दैनिक भास्कर ने शीर्षक दिया है बारालाचा, शिंकुला दर्रा खुलने के बाद बर्फबारी देखने उमड़े पर्यटक, आज बारिश का यलो अलर्ट।**

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रदेश के 51 शहरी निकायों के चुनावों के लिए कल होगा मतदान–कुल एक हजार 147 उम्मीदवार चुनाव मैदान में।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश सरकार ने पूरी की अपनी सभी चुनावी गारंटियां–चुनावों में कांग्रेस की जीत का किया दावा।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते चुनावों में सबक सिखाने को जनता तैयार।
- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने युवा पीढ़ी से देश की पवित्र वैदिक संस्कृति से जुड़ने का किया आहवान।

और

- लाहौल स्पीति जिला के लोगों को अब बर्फबारी, भूस्खलन और सड़क बंद होने की स्थिति में ड्रोन से मिलेंगी दवाइयां और जरूरी राहत सामग्री।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11बजे नमस्कार।